भारत सरकार
मानव संसाधन विकास मंत्रालय

सत्यमेव जयते

# COVID-19

सतर्क रहें, सुरक्षित रहें

इन पहलों का उपयोग **नि:शुल्क है**

विद्यार्थियों, कोरोना वायरस को अपने अध्ययन में बाधा ना डालने दें

## मानव संसाधन विकास मंत्रालय की डिजिटल पहल

## स्कूली शिक्षा

**दीक्षा (DIKSHA)**
दीक्षा प्लेटफॉर्म विद्यालय पाठ्यक्रम से सम्बंधित सीखने की रोचक सामग्री शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों के लिए उपलब्ध कराता है। इस ऐप को आइओएस एवं गूगल प्लेस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।
वेबसाइट: http://diksha.gov.in/





**ई-पाठशाला (E-Pathshala)**
इस वेब पोर्टल और मोबाइल ऐप (एंड्रॉयड, आइओएस और विंडोज) को एनसीईआरटी द्वारा डिजाइन और परीनियोजित किया गया है। इस पोर्टल पर 1886 ऑडियो सामग्री, 2000 वीडियो, 696 ई-पुस्तकें और 504 फ्लिप पुस्तकें उपलब्ध हैं। कक्षा IX से XII के लिए उपलब्ध रोचक, संवर्धित ई-सामग्री का अवसर मत गँवाइए।
वेबसाइट: http://epathshala.nic.in/

**स्वयं (SWAYAM)**
इस ऑनलाइन शिक्षा प्लेटफॉर्म पर विद्यालयी और उच्च शिक्षा के विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रम प्रस्तुत हैं। एनसीईआरटी ने कक्षा IX – XII के लिए विद्यालयी शिक्षा प्रणाली हेतु 12 विषयों में 28 कोर्स मॉड्यूल विकसित किए हैं। वेबसाइट: http://swayam.gov.in/





**राष्ट्रीय मुक्त शैक्षिक संसाधन कोष (NROER)**
यह पोर्टल विविध विषयों पर आधारित अनेक भाषाओं के गुणवत्तापूर्ण डिजिटल सामग्री से युक्त है। इसमें कुल 14,527 फाइलें हैं जिसमें 401 संकलन, 2779 दस्तावेज, 1345 इंटरैक्टिव सामग्री, 1664 ऑडियो सामग्री, 2,586 तस्वीरें और 6,153 वीडियो कार्यक्रम हैं। वेबसाइट: http://nroer.gov.in/

**स्वयं प्रभा (SWAYAM PRABHA)**
चौनल नम्बर 31 'किशोर मंच' पर कक्षा IX – XII के लिए सभी विषयों में एनसीईआरटी द्वारा मान्यता प्राप्त ई-सामग्री 24X7 प्रसारित की जाती है। चयनित राज्यों के लिए प्रतिदिन 4 घंटे की समयावधि स्वयं प्रभा डीटीएच पर अनुमोदित की गई है जहाँ चल रहे पाठ्यक्रम के अनुरूप विद्यालयी शिक्षा की ई कक्षाएँ प्रसारित की जाएगी।
वेबसाइट: https://www.swayamprabha.gov.in/





**निष्ठा (NISHTHA)**
समेकित शिक्षक प्रशिक्षण पोर्टल और मोबाइल ऐप (ऐनरोयेड)। डाइट, डीएलएड संस्थाओं के शिक्षक और शिक्षक प्रशिक्षक सभी कोर्से-मॉड्यूल्स, वीडियो, ऑडियो एवं अन्य सामाग्री किसी भी समय, कहीं भी, निरुशुल्क ऑनलाइन देख सकते हैं। वेबसाइट: nishtha.ncert.gov.in/

## उच्च शिक्षा

**स्वयं (SWAYAM)**
ऑनलाइन शैक्षिक प्लेटफॉर्म ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन में पाठ्यक्रमों को प्रस्तुत करता है। इन पाठ्यक्रमों को कोई भी, कहीं भी और किसी भी समय देख सकता है। सभी पाठ्यक्रम अंत:क्रियात्मक(इंटरैक्टिव) हैं और देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों द्वारा तैयार किए गए हैं और किसी भी शिक्षार्थी के लिए नि:शुल्क उपलब्ध हैं।
वेबसाइट: http://swayam.gov.in/



**स्वयंप्रभा (SWAYAM PRABHA)**
स्वयंप्रभा के 32 चौनल, जो कि 24X7 गुणवत्ता परक उच्च शिक्षा की विषय वस्तु प्रसारित करते हैं, की मदद से आप घर बैठे नए कौशल अर्पित कर सकते हैं और अपनी उत्पादकता बढ़ा सकते हैं ।
वेबसाइट: http://www.swayamprabha.gov.in/

